

नवभारत
भोपाल, सोमवार, 6 अप्रैल, 2026

# जिले के एक दर्जन गांवों में गिरे ओले, खड़ी फसल को नुकसान

## राजस्व दल के साथ एसडीएम ने लिया प्रभावित गांवों को जायजा, पीड़ा सुनाते हुए किसानों के निकले आसू

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शनिवार रात को जिले के करीब एक दर्जन गांवों में ओलावृष्टि हुई। इस ओलावृष्टि से बहादुरपुर तहसील एवं अशोकनगर तहसील का कचनार-राजपुर क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। ओलावृष्टि से पहले देर शाम को बादल गहरा गए थे। काफी देर तक बादल गरजे, बिजली कौंधती रही, इसके बाद तेज बौछारों के साथ पानी बरसने लगा। पानी के साथ ओले गिरे तो कई गांवों के किसान रो पड़े। जसैया निवासी राजभान सिंह यादव ने बताया कि गेंहू की फसल पूरी तरह से पककर तैयार है। हार्वेस्टर न मिलने के कारण काटने में देरी हो रही थी, इसी बीच ओलावृष्टि हो गई। इससे कहीं-कहीं तो 40 प्रतिशत तक नुकसान हो गया। गेंहू की बाली टूटकर जमीन पर आ गिरी, तेज हवाओं के चलने से फसल आड़ी होकर खेतों में बिछ गई। रविवार सुबह एसडीएम मुंगावली इसरार खान, राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण अहिरवार, हल्का पटवारी सुरेष बैरागी जसैया गांव में पहुंचे थे। जहां उन्होंने खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।



**दमदमा-मोलाडैम में बिछ गई सफेद चादर:** बहादुरपुर तहसील क्षेत्र के दमदमा और मोलाडैम गांवों में ओलावृष्टि से सफेद सी चादर जमीन पर बिछ गई। दमदमा के किसान संतोस गुर्जर ने बताया कि अधिकांश फसलें काटी जा चुकी हैं लेकिन जिन फसलों की बोवनी देरी से हुई थी, उन खेतों में अभी भी गेंहू खड़ा है। ओलों के बरसने से इन खेतों में ही सर्वाधिक नुकसान हुआ है। बताया गया है इस क्षेत्र के टीटौर, जसैया, बांसखेड़ी, फुटेरा, जमुनिया, दमदमा, मोलाडैम, गोरा, गदूली, कुम्हर्रा, खोपरा, सोपरा, बर्री गांवों में ओलावृष्टि हुई है। वहीं राजपुर-कचनार क्षेत्र के बामौरा गांव में भी ओलावृष्टि के समाचार हैं।



**शहर में ठंडक, पर दो दिन अभी और भारी:** जिला मुख्यालय पर भी देर रात तक रुक-रुक कर मध्यम बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रविवार सुबह हालांकि धूप खिलने से थोड़ी राहत मिली, लेकिन मौसम विभाग की चेतावनी ने धुकधुकी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि अगले 48 घंटों तक जिले में बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा।

**खेतों में बिछ गई सोने जैसी फसल:** बर्री के किसान जगन्नाथ ओझा ने बताया कि फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी, लेकिन इस बेमौसम मार ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। ओलावृष्टि से फसलों के दाने झड़ गए हैं और गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बेर के आकार के गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी और कटकर रखी हुई फसलों को जमीन पर बिछा दिया है।

**प्रशासन से मुआवजे की आस:** फसलों की बर्बादी देख किसान अब सरकार और प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। प्रभावित गांवों के किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की राशि प्रदान की जाए, ताकि उन्हें इस संकट की घड़ी में कुछ सहारा मिल सके। दूसरी ओर प्रशासन की ओर से पटवारियों ने भी रविवार सुबह ही कई गांवों में पहुंचकर नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया है।

***इनका कहना है***

हमने आज ओलावृष्टि से प्रभावित सभी गांवों में नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया है। जिसमें 6-7 गांवों में गेंहू की फसल आंशिक तौर पर प्रभावित हुई है। एक-दो दिन में पटवारियों द्वारा रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी तैयारी की जाएगी।

***अंजनि कुमार चौधरी, प्रभारी तहसीलदार, बहादुरपुर***

# मंदिर की नींव खुदाई से आस पास के मकानों में आईं दरारें

नवभारत न्यूज

**शाढौरा।** शाढ़ौरा में जैन मंदिर की नींव की खुदाई के कारण आसपास के कई मकानों में दरारें आ गई हैं। जिसके चलते तीन पक्के मकान तो गिरने की कगार पर हैं, लगातार खुदाई ब जेसीबी की धमस के कारण आसपास की जमीन कमजोर हो गई। स्थानीय निवासी संतोष चौरसिया के घर में जो दो मंजिला पक्का मकान है जैन मंदिर के पीछे वाला पूरा रास्ता धसकने से उपर ब नीचे मकान की दीवारों में जगह-जगह चौड़ी-चौडी दरारें पड़ गई है और जमीन में लगे टाइल्स भी ढीले हो गए और चटकने लगे हैं जिससे उनके ढहने का खतरा तो बढ़ गया है। दो मंजिला मकान की दरारों की जानकारी से सबंधित को अवगत करा दिया गया है। तो वहीं इससे पहले पीड़ित ब प्रभावित लोगों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि बिना परमीशन व पर्याप्त सुरक्षा उपायों के गहरी खुदाई की जा रही है इसके तुरंत बाद नपा द्वारा नोटिस दिया गया कि इसको तुरंत भरा जाए, लेकिन उसे आज तक नहीं भरा गया है जिसके कारण यह गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई। लोग फिलहाल अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।





# महिला के गले से सोने की चेन खींचकर भागा चोर, हुई FIR

नवभारत न्यूज

**शाढौरा। स्थानीय टेकरी धाम पर भंडारे के लिए विक्की श्रीवास्तव निवासी गुना विगत दिवस 3 अप्रैल को शाढ़ौरा की टेकरी सरकार के मंदिर में दोपहर के समय अपने मामा द्वारा आयोजित भंडारे में आई हुई थी।**

भंडारे में भीड़ भाड बहुत थी टेकरी सरकार के दर्शन कर ब भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने के बाद जब लौटने को हुई तब अचानक ही किसी ने उनके गले में पहनी हुई सोने की चैन खींचकर चोरी कर ली और भीड़ का फायदा उठाकर चोर भाग गया। कुछ देर में उनके साथ हुई घटना समझ में आई उन्होने अपने गले में पहने हुए चैन की ओर देखा तो गले से सोने की चेन गायब थी इसके बाद चोर की भी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली, इसके तुरंत बाद थाने में आवेदन देकर सूचना दी। चैन को तलाश करवाने और अज्ञात आरोपित को पकड़ने की कृपा करें। ताकि टेकरी जैसे भगवान के मंदिर पर श्रद्धालुओं की आस्था बरकरार रहे और अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके। उन्होंने मेला परिसर में आइसक्रीम का ठेला लगाने वाले व कुछ संदिग्ध अन्य महिलाओं पर भी हमें शंका जाहिर की है, जिनकी तलाश कर पूछताछ की जा रहीं है।

## एक नजर में

### जिले के अध्यापक टीईटी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर करेंगे मल्टी पिटीशन

**अशोकनगर।** लोक शिक्षण विभाग द्वारा टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को अनिवार्य किए जाने के आदेश के विरोध में जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक अब एकजुट होकर कानूनी लड़ाई की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। शिक्षकों ने अपने अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मल्टी पिटीशन (MA) दायर करने की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में 2 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ग्वालियर-जबलपुर हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसके गंगेले से जिले के शिक्षक प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान टीईटी संबंधी आदेश के विभिन्न कानूनी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने बताया कि अधिवक्ता को आवश्यक दस्तावेज एवं शुल्क सौंप दिया गया है। सभी संबंधित शिक्षकों द्वारा वकालतनामा एवं एफिडेविट पर हस्ताक्षर भी पूर्ण कर लिए गए हैं। प्रस्तावित मल्टी पिटीशन के अंतर्गत प्रत्येक शिक्षक की याचिका अलग-अलग पेटिशन नंबर एवं सीरियल नंबर के साथ प्रस्तुत की जाएगी।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**अशोकनगर।** देहात थाना अंतर्गत ग्राम बमूरिा नई निवासी एक 19 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां दौराने उपचार उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्ला पुत्र दिना चंदेल ने देवेंद्र रघुवंशी के खेत की मेढ़ पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जहां मृतक के शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, तो वहीं मर्गकायम कर जांच में लिया है।

### फांसी के फंदे पर झूलीं दो युवतिया

**अशोकनगर।** जिले में दो युवतियों ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पहला मामला चंदेरी थाना अंतर्गत ग्राम प्राणपुर का है, जहां एक 26 वर्षीय युवती ने अपने घर पर फांसी लगा ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरती पुत्री राघवेंद्र सोनी ने अपने सदर बाजार स्थित मकान में पंखा के कुद्दा पर दुपट्टा का फंदाबन झूल गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों से इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। तो वहीं दूसरा मामला सेहराई थाना अंतर्गत ग्राम बम्मन खिरिया का है, जहां 16 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक नब्बो ऊर्फ नर्वदी पुत्री बृजभान अहिरवार ने अपने घर पर फांसी लगा लगी। दोनो ही मामलों में पुलिस ने मृतिकाओं के शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। तो वहीं मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है।

### ट्रैक्टर ने दो बाइकों में मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा थाना अंतर्गत ग्राम पीलीघटा पर एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने दो बाईकों में टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, तो वहीं चार लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल ग्राम बेहटा निवासी 18 वर्षीय बिंदराज पुत्र घुमान अहिरवार शनिवार शाम अपने घर से आटा पिसाने के लिए पीलीघटा जा रहा था, इसी उसकी बाईक में ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे इस घटना में मौके पर ही बिंदराज की मृत्यु हो गई, तो वहीं उसके साथ बैठा राजवीर घायल हो गया। तो वहीं इस ट्रेक्टर ने उसकी समय एक अन्य बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें तीन युवक घायल हो गये। यह युवक गुना से लौट रहे थे, जिनमें ठेका निवासी 24 वर्षीय आयुष पुत्र सोवरन सिंह, सारसखेड़ी निवासी 25 वर्षीय कृष्णभान पुत्र गुमान सिंह और भादोन निवासी 26 वर्षीय अजय पुत्र इंदर सिंह यादव घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाढ़ौरा में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को उच्च उपचार के लिए जिलाअस्पताल रैफर किया गया है। तो वहीं इस घटना के बाद पुलिस ने मृतक के शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। तो वहीं ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

# चंदेरी में वर्तमान स्थान पर ही बनेगा अस्पताल

## प्रेसवार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी जानकारी, लोगों में है खुशी

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिला कलेक्ट्रेट में दिशा की मीटिंग के पश्चात मीडिया के समक्ष बोलते हुए, यह निर्णय सुनाया कि, चंदेरी का 30 से 50 बिस्तर उन्नयन होने वाला सिविल अस्पताल वर्तमान स्थल पर ही बनाया जाएगा। इस प्रकार का निर्णय हमने लिया है। सिंधिया ने आगे कहा कि, वर्तमान स्थल शहर के बीचो-बीच है और यह स्थल उपयुक्त है, इसी वर्तमान स्थल पर ही अस्पताल का विकेंद्रीकरण, सुद्धणीकरण एवं विस्तार किया जाएगा, जिसका प्रस्ताव राज्य शासन को भेज दिया गया है, जिसकी स्वीकृति मिलने के पश्चात निर्माण प्रारंभ किया जावेगा। सांसद एवं केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के द्वारा लिए गए इस निर्णय पर नगर के आम नागरिक, महिला मंडल, समाजसेवी, वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों, मीडिया संघ, अभिभाषक संघ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है और सिंधिया के इस निर्णय को जनहितकारी और सर्वव्यापक हित के लिए माना है, इस जनहित हितैषी कार्य के लिए सांसद सिंधिया का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया है।

ज्ञात हो कि चंदेरी के सिविल अस्पताल के निर्माण का यह मामला पिछले कई वर्षों से विचाराधीन था, स्थल चयन को लेकर कई बार निर्णय किए गए किंतु आम जनता ने जो अपने अभिमत दिए और जो जनता की राय थी कि, हमारा अस्पताल वर्तमान स्थल पर शहर के बीचों बीच ही बने, उस पर बहुत उहापोह चलता रहा किंतु, अंततः क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री के द्वारा आम जनता के हित में जो निर्णय पारित किया गया है उससे सभी क्षेत्रवासी बहुत प्रसन्न हैं और इस बात से खुश हैं कि उनका अस्पताल वर्तमान स्थल पर ही बनेगा जिससे कि सभी लोगो को इसका लाभ मिलेगा।



**3 जनवरी 2019 को मिली थी स्वीकृति:** चंदेरी के 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तर उन्नयन अस्पताल के रूप में सिविल अस्पताल का दर्जा देकर मध्य प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इसका आदेश 3 जनवरी 2019 को जारी किया गया था। जिसकी स्वीकृति क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा ही दिलवाई गई थी, इसके पश्चात इस अस्पताल के निर्माण के लिए 11 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि भी जारी हो गई थी, जिसकी टेंडर प्रक्रिया आदि होकर ठेकेदार भी नियुक्त हो गए थे, किंतु स्थल चयन को लेकर वर्षों से निर्णय नहीं हो पा रहा था, जिस पर 4 अप्रैल को अशोकनगर कलेक्ट्रेट में दिशा की मीटिंग में सांसद सिंधिया द्वारा चंदेरी सिविल अस्पताल को वर्तमान अस्पताल परिसर में ही बनाए जाने का स्पष्ट जनहितकारी निर्णय पारित किया गया है, जिससे जनता में खुशी की लहर दिखाई दे रही है।

# पशुओं की प्यास बुझाने रख रहे पानी की टंकियां

**राष्ट्रीय गौसेवा परिषद द्वारा किया जा रहा कार्य**

**शहर में कई स्थानों पर रखी हैं पानी की टंकियां**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** गर्मी के सीजन में पशुओं की प्यास बुझाने के लिए राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद द्वारा लगातर पानी की टंकिया रखवाई जा रहीं है। जिसके तहत परिषद के सदस्यों द्वारा गली-मोहल्लो और चौराहें पर यह पानी की टंकी रखवाई जा रहीं है। साथ ही इन्हें प्रतिदिन भरने के लिए स्थानीय लोगों को संकल्प दिलाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी का सीजन शुरू होते ही धरती के हर जीव को पानी जरूरत पड़ती है, जिसके चलते उसे बार बार प्यास लगती है, तो वहीं कई मवेशी प्यास की तड़पना काल के गाल में समा जाते है, इसी तड़पना से बचाने के लिए राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद सड़कों, गलियों और खुले स्थानों पर पानी की टांकियां रखवाई गई है। जो तपती धूप में बेजुबान गौमाताओं के लिए जीवन का सहारा बनते हुए शहर में कई स्थानों पर पानी की टंकी स्थातिप की गई, जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा भरा जाएगा। समिति के सदस्यों ने शहर के आमजन से अपील भी की है कि वह अपने घर, दुकान या मोहल्ले के बाहर एक पानी का बर्तन जरूर रखें, क्योंकि सेवा का सबसे छोटा कदम भी किसी के लिए जीवन बन सकता है। इस कार्य में परिषद संस्थापक अभिषेक मोहरी, सुमित ओझा, राजदीप यादव, कपिल केवट, रोहित अहिरवार आदि अहम भूमिका निभा रहे है।




# भैरो मंदिर पर श्रमदान कर बताया जल का महत्व

**झागर के ग्राम महुआखेड़ा में हुआ आयोजन**

**अक्षरपीठ शिक्षा समिति की जल चौपाल आयोजित**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सेक्टर 3 तुमेंन में ग्राम पंचायत झागर के ग्राम महुआखेड़ा में नवांकुर संस्था अक्षरपीठ शिक्षा समिति द्वारा भेरो मंदिर परिसर में श्रमदान कर जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को जल का महत्व बताते हुए उसे सरंक्षित करने की बात कहीं।

कायक्रम का शुभारंभ ग्राम महुआ खेड़ा में प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था अक्षरपीठ शिक्षा समिति द्वारा भूमि पूजन कर किया गया। इस दौरान बताया गया कि छोटी नदी नाले को पुनः अपने स्वरूप पर ले जाने के लिए हमें जल संरक्षण पर काम करने की आवश्यकता है। साथ ही जल संरक्षण पर किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी गई। वहीं जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वारा किए जा रहे कार्य की भी जानकारी प्रदान की गई। वहीं चौपाल में ग्रामीणों से संवाद करते हुए जल स्तर में आए परिवर्तन पर चर्चा की एवं जल संरक्षण के लिए सोखता गड्ढा एवं छोटी जल संरचनाएँ बनाने पर जोर दिया। इसके अलावा ग्राम में जल संरक्षण पर दिवालन लेखन कर लोगो भी जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर नवांकुर संस्था से कुमार संभव, रामस्वरूप, नीलम सिंह, ओमप्रकाश, इंद्रभान, सन्तराम, परमाल सिंह, हरिराम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




**भेंट**

## जनपद अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखा पत्र

# ग्वालियर-नागपुर 6- लेन ग्रीनफील्ड सड़क को पुराने सर्वे अनुसार बनाने की मांग

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** जनपद पंचायत की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जैन ने क्षेत्र के विकास को गति देने और औद्योगिक संभावनाओं को धरातल पर उतारने के लिए केंद्रीय दूरसंचार मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने ग्वालियर से नागपुर 6-लेन ग्रीनफील्ड सड़क के निर्माण को पूर्व में प्रस्तावित पुराने सर्वे के अनुसार ही कराने का विशेष आग्रह किया है साथ ही कहा गया है कि यह पुराने सर्वे के अनुसार यह कार्य किया जाना चाहिए जिससे क्षेत्र में विकास की संभावना बढ़ जाएगी।



**प्रमुख मांगें और उनका तर्क:** श्रीमती जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यदि यह 6-लेन सड़क चंदेरी - सहराई - मुंगावली - बहादुरपुर से बंगला चौराहा मार्ग वाले पुराने सर्वे के आधार पर बनाई जाती है, तो इससे क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र जैन ने बताया कि क्षेत्र के मल्हारगढ़, सेमरखेड़ी और मर्दानखेड़ी में उद्योग विभाग को सैकड़ों बीघा जमीन पहले से ही आवंटित की जा चुकी है। यदि सड़क का निर्माण पुराने प्रस्तावित मार्ग से होता है, तो इन आवंटित जमीनों पर उद्योगों की स्थापना करना और उनका संचालन करना काफी सरल हो जाएगा। जिससे यह मार्ग न केवल परिवहन को सुगम बनाएगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। अपने पत्र में श्रीमती जैन ने क्षेत्रीय विकास को दृष्टिगत रखते हुए जनहित और औद्योगिक उन्नति को ध्यान में रखते हुए सड़क का निर्माण बहादुरपुर, मुंगावली और सहराई होकर ही सुनिश्चित किया जाए।

# 19 को मनाई जाएगी परशुराम जयंती, निकलेगा चल समारोह

**अशोकनगर।** परशुराम जयंती को लेकर रविवार को स्थानीय परशुराम मंदिर सर्व ब्राह्मण महापंचायत धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से 19 अप्रेल को शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया, जो प्रात 8 बजे परशुराम मंदिर सें प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी, जहां महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बैठक में शोभयात्रा को भव्य रूप देने के लिए समाज के लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए, वहीं शोभायात्रा का भव्य बनाने को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने ब्राह्मण समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सह परिवार इस शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा की प्रतिवर्ष की भाती सकल हिंदू समाज को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में राजेश शर्मा गुरुजी, शशिकांत भार्गव, चंद्र शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के कई युवा एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।